# इंदौर में बढ़ा मेडिकल टूरिज्म : सरकारी अस्पताल बने सस्ते इलाज का हब

- प्राइवेट से आधी फीस में सुपर स्पेशलिटी इलाज, इंदौर मॉडल चर्चा में
- इंदौर के सरकारी अस्पतालों ने बदली तस्वीर

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. शहर के शासकीय अस्पताल अब सस्ती और बेहतर सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा के चलते तेजी से मेडिकल टूरिज्म का केंद्र बनते जा रहे हैं. निजी अस्पतालों की तुलना में आधी से भी कम फीस पर विशेषज्ञ परामर्श और उन्नत इलाज मिलने से दूसरे जिलों ही नहीं, बाहरी राज्यों के मरीजों का रुझान भी इंदौर की ओर बढ़ रहा है.

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया ने बताया कि वर्ष 2018 में प्रदेश सरकार ने इंदौर, जबलपुर, रीवा और ग्वालियर में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू किए थे. इसके साथ ही विभिन्न शहरों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी स्थापित किए गए, जिनमें इंदौर में नेत्र रोग, भोपाल में जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं ऑर्थोपेडिक्स, ग्वालियर में न्यूरोलॉजी और जबलपुर में पल्मोनरी मेडिसिन की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं.

सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए सरकार ने आकर्षक वेतन पैकेज लागू किया है. इसके तहत असिस्टेंट प्रोफेसर को 1.5 लाख, एसोसिएट प्रोफेसर को 2.5 लाख और प्रोफेसर को 3 लाख रुपए मासिक वेतन के साथ हर साल 8 प्रतिशत की वृद्धि का प्रावधान किया गया है. इसके अलावा, ऑपरेशन व



अन्य प्रक्रियाओं से होने वाली आय का 20 प्रतिशत और सायंकालीन ओपीडी से प्राप्त राजस्व का 50 प्रतिशत तक इंसेंटिव देने की व्यवस्था भी की गई है. सुपर स्पेशलिटी डॉक्टरों के लिए प्राइवेट प्रैक्टिस पूरी तरह प्रतिबंधित है. उनका क्लीनिकल समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक तय किया गया है, जबकि शाम 5.30 से 6.30 बजे तक राउंड और 6.30 से 8.30 बजे तक सायंकालीन पेड ओपीडी संचालित की जा रही है.

डॉ. घनघोरिया ने बताया कि सरकारी अस्पतालों की सायंकालीन ओपीडी इस समय मरीजों के लिए बड़ा आकर्षण बन रही है. जहां निजी अस्पतालों में सुपर स्पेशलिस्ट की फीस 1000 से 3000 रुपए तक है, वहीं इंदौर के एमजीएम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में यह सुविधा मात्र 600 रुपए में उपलब्ध कराई जा रही है. यह दर निजी अस्पतालों की तुलना में लगभग आधी है. डीन के मुताबिक, सायंकालीन ओपीडी शुरू करने का उद्देश्य उन मरीजों को सुविधा देना है, जो सुबह की 10 रुपए वाली ओपीडी में भीड़ के कारण नहीं पहुंच पाते या दिन में समय नहीं निकाल पाते. अब ऐसे मरीज कम खर्च में बेहतर सरकारी इलाज का लाभ ले पा रहे हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि बेहतर वेतन और इंसेंटिव व्यवस्था से सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी शासकीय सेवा की ओर आकर्षित होंगे, जिससे विशेषज्ञों की कमी दूर होने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार होगा.

### मेडिकल टूरिज्म को मिल रहा बढ़ावा...

डॉ. घंघोरिया का कहना है कि यदि यह मॉडल सफल रहता है तो निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीज भी सरकारी संस्थानों की ओर आकर्षित होंगे. इससे न केवल मरीजों को सस्ती और बेहतर चिकित्सा मिलेगी, बल्कि इंदौर के सरकारी अस्पताल मेडिकल टूरिज्म के नए हब के रूप में भी उभर सकते हैं.

# जूस दुकान संचालक ने फांसी लगाकर दी जान



इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र में जूस की दुकान संचालित करने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी. घटना के समय उसने अपनी पत्नी और ढाई साल की मासूम बेटी को पास ही स्थित अपनी ससुराल भेज दिया था.

मृतक का नाम संजू पिता रेवाराम चौहान (26) बताया गया है. सोमवार शाम करीब 5 बजे संजू ने अपनी पत्नी और बच्ची को यह कहकर ससुराल भेज दिया था कि वह घर पर अकेला रहना चाहता है. शाम को जब पत्नी वापस घर लौटी, तो अंदर से दरवाजा बंद मिला. काफी आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने ससुर और आसपास के लोगों को सूचना दी. दरवाजा तोड़कर अंदर देखने पर संजू फंदे पर लटका हुआ मिला. संजू मूल रूप से देवास का रहने वाला था और वर्तमान में स्टार चौराहा इलाके में जूस की दुकान चलाता था. इसके साथ ही वह ई-रिक्शा से संबंधित काम भी करता था. बताया जा रहा है कि सोमवार को वह काम पर नहीं गया था और घर पर ही था. सूचना मिलते ही खजराना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया. बताया जा रहा है कि संजू ने 4 साल पहले प्रेम विवाह किया था. वह अपने परिवार में दो भाइयों में सबसे छोटा था और अलग रहता था. पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण आत्महत्या की अभी ठोस वजह स्पष्ट नहीं है. बहरहाल, मामले की जांच की जा रही है.

### प्रॉपर्टी ब्रोकर की पत्नी ने लगाई फांसी

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में भाग्यश्री कॉलोनी निवासी एक प्रॉपर्टी ब्रोकर की पत्नी ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सुबह परिजनों ने जब शव को फंदे पर लटका देखा तो तुरंत नीचे उतारकर अस्पताल लेकर गए. पुलिस मामले की जांच कर रही है. मृतका का नाम संतोष कुमारी पति दीपक यादव (32) बताया गया है. परिजन उन्हें आनन-फानन में गंभीर अवस्था में भंडारी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया. मृतिका के पति दीपक यादव पेशे से प्रॉपर्टी ब्रोकर है. परिवार में पति-पत्नी के अलावा देवर, सास-ससुर और दो बच्चे हैं. संतोष कुमारी ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है. पुलिस को घटनास्थल से अब तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. जांच की जा रही है.

# शराब, जुआ और अय्याशी के लिए करने लगा चोरी

- 280 सीसीटीवी खंगालने के बाद चढ़ा आरोपी पुलिस के हत्थे
- 50 ग्राम गला हुआ सोना भी किया बरामद

नव भारत न्यूज

इंदौर. विजयनगर पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी के मामले का खुलासा किया है. आरोपी शराब, जुआ और अय्याशी के शौक पूरे करने के लिए वारदातों को अंजाम देता था. करीब 280 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने उसे दबोचा और उसके पास से 50 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया. आरोपी पर पहले



से भी आधा दर्जन से अधिक चोरी के मामले दर्ज हैं.

थाना प्रभारी सीबीसिंह ने बताया कि पिछले दिनों थाना क्षेत्र के एक घर में हुई चोरी की वारदात के बाद मामला दर्ज किया था. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की. टीम ने आसपास के करीब 280 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक संदिग्ध युवक की गतिविधियां सामने आईं. साइबर सेल और मुखबिरों की मदद से पुलिस ने धार जिले के धरमपुरी निवासी 22 वर्षीय वारिश खान को गिरफ्तार किया. पूछताछ में उसने इंदौर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया.

आरोपी ने बताया कि वह हमेशा अकेले ही सूने मकानों को निशाना बनाता था और वारदात के बाद पब्लिक ट्रांसपोर्ट से फरार हो जाता था. पुलिस से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदलता रहता था. आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सराफा बाजार निवासी एक युवक को भी पकड़ा, जो चोरी के जेवरों को गलाकर ठिकाने लगाता था. उसके पास से करीब 50 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पूर्व में चोरी किया सामान और एक बाइक भी जब्त की है. आरोपी के खिलाफ धार, बड़वानी और इंदौर में पहले से ही चोरी के कई मामले दर्ज हैं. फिलहाल पुलिस उससे अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

# दुकान संचालक और भाई पर 3 युवकों ने किया जानलेवा हमला

इंदौर. देपालपुर थाना क्षेत्र में एक बेहद मामूली बात पर खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है. दरअसल, चिकन की दुकान पर स्टॉक खत्म होने की बात कहने पर तीन युवकों ने दुकान संचालक और उसके चचेरे भाई पर डंडे और चाकू से हमला कर दिया.

पुलिस ने शिकायत पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. पुलिस के मुताबिक, घटना ग्राम मिर्जापुर की है. फरियादी कालू पिता मोहनलाल केवट ने बताया कि 10 मार्च की रात करीब 10.30 बजे वह अपनी चिकन की दुकान पर था. तभी विकास चौहान, उसका भाई आशीष और अतुल चौहान दुकान पर आए और चिकन की मांग करने लगे. कालू ने जब उन्हें बताया कि चिकन खत्म हो गया है, तो आरोपी भड़क गए और गालियां देने लगे. शोर सुनकर कालू का चचेरा भाई धर्मेंद्र वहां पहुंचा और आरोपियों को गाली देने से मना किया. इस बात पर तैश में आकर तीनों आरोपियों ने कालू और धर्मेंद्र के साथ पहले डंडों से मारपीट की और फिर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले. पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है.

## एक नजर में

### भक्ति-भाव के साथ नवरात्रि पर्व की शुरुआत कल से

**महू.** 19 मार्च से गुड़ी पड़वा नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है. इन दिनों जहां मंदिरों में पूजा पाठ के आयोजन होंगे, वहीं घर-घर पर माता रानी की पूजा की जाएगी. श्री महाकाल पंचांग उज्जैन, विश्व पञ्चांगम् काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रकाशित, काशी महावीर पञ्चांगम् एवं अन्य ज्योतिषीय ग्रन्थों के आधार पर पूजन, पाठ, तप, जप, संकल्पादि में वर्ष पर्यन्त रौद्र नामक संवत्सर ही कहा जाएगा. रौद्र नामक संवत्सर के राजा-गुरु, मन्त्री-मंगल, मेघेश-चन्द्र होंगे. संवत्सर का फल- वर्षा मध्यम होगी, विश्वभर के राजाओं में क्षोभ होगा, आम जनता में पीड़ा होगी, सोने-चांदी महंगे होंगे, फसलों पर कीड़ों का प्रकोप होगा, सुदूर क्षेत्रों में भूकंप, वायुयान दुर्घटना, वर्ष के अन्त में शान्ति होने लगेगी. सुदूर प्रदेशों में फसलें अच्छी होंगी, देश की सैन्य शक्ति बढ़ेगी, कहीं-कहीं अतिवृष्टि होगी. पं. कपिल



शर्मा काशी महाराज ने बताया कि चैत्र नवरात्र प्रारंभ घटस्थापना मुहूर्त 19 मार्च 2026 शुभ मुहूर्त सुबह 6.57 बजे से 8.04 बजे तक, अभिजित मुहूर्त दोप. 12.11 बजे से 12.59 बजे तक, लाभ मुहूर्त दोप. 12.35 बजे से 2.05 बजे तक, अमृत मुहूर्त दोप. 2.05 बजे से 3.36 बजे तक माता का आगमन. इस वर्ष माता का आगमन डोली पर व प्रस्थान हाथी पर हो रहा है. डोली पर आने से भय एवं कष्ट में वृद्धि होती है, वहीं हाथी पर जाने से सुख, समृद्धि, शांति बढ़ती है. नवरात्रि में शक्ति उपासना के लिये किये जाने वाले दैवीय अनुष्ठान- दुर्गा सप्तशति, श्री सूक्त पाठ, रामचरित मानस के पाठ अपने क्षेत्र के विद्वान ब्राम्हणों द्वारा करवाएं. अपनी गुरु परम्परा, कुल परम्परा के अनुसार पूजन, पाठ, होम, जाप इत्यादि करें. कन्या भोजन कराएं. अपने गुरुमन्त्र, इष्टमन्त्र का जाप करें. सात्विक भाव से देवी का पूजन करें, लाल चंदन, कनेर पुष्प, गुलाब पुष्प, बिल्व पत्र से पूजन करें. नवरात्रि पर मां को प्रसन्न करने व कामनाओं की पूर्ति के लिये नौ दिन मां जगदम्बा को प्रतिपदा को गोघृत, द्वितीया को शक्कर, तृतीया को गाय का दूध, चतुर्थी को मालपुआ, पञ्चमी को केला, षष्ठी को शहद, सप्तमी को गुड़, अष्टमी को नारियल, नवमी को धान का लावा का भोग लगाएं.

### हम फाउंडेशन ने महिलाओं को दिया नारी शक्ति सम्मान



**महू.** हम फाउंडेशन संस्कृति शाखा के तत्वावधान में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कर्ष एवं विशिष्ट कार्य करने वाली 7 महिलाओं को शिक्षक सदन उत्कर्ष विद्यालय में नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया. एडवोकेट गीता लखवानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. हेमलता पाटीदार ने की. विशेष अतिथि कौशलेंद्र प्रताप सिंह थे. फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष वीणा दीक्षित एवं शाखा अध्यक्ष कांता मजदे भी मंचासीन रहीं. जिन महिलाओं को सम्मानित किया गया, उनमें डॉ. ममता शुक्ला, योगाचार्य डॉ. राजकुमारी चौरसिया, अर्चना जोशी, महू थाने की उप निरीक्षक नयजा रावत, आशा परमार, ज्ञानी बाई शामिल हैं. इस अवसर पर हम फाउंडेशन संस्कृति शाखा की वीणा दीक्षित, कांता मजदे, डॉ. लक्ष्मी दुबे, मिनी आनंद, पायल परदेशी, अंजली श्रीवास्तव, कृष्णा सागर, पूजा बोरासी, आजरा अहमद, नीलू कौशल, रागनी, सुलेखा सिंह और रेवा अधिकारी को भी सम्मानित किया गया. अतिथि परिचय पायल परदेशी ने दिया. इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सक्सेना को भोपाल में राधारमण कॉलेज का डायरेक्टर नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया. संचालन कमलकांत भलेवड़ीकर एवं पायल परदेशी ने किया. आभार कांता मजदे ने माना. इस अवसर पर अनेक पत्रकार एवं गणमान्यजन उपस्थित थे.

### फल लेने रुके व्यक्ति की कार से बैग ले उड़ा बदमाश

**इंदौर.** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के सुदामा नगर स्थित सेठी गेट के पास एक व्यक्ति की कार से अज्ञात बदमाश ने बैग पार कर दिया. बैग में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ नकदी भी रखी हुई थी. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिए हैं. पुलिस के अनुसार, वीआईपी परस्पर नगर निवासी चन्द्रमोहन सिंह पिता नाहरसिंह सोलंकी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी कार से जा रहे थे, तभी सुदामा नगर के पास सेठी गेट के समीप वह फल खरीदने के लिए रुके थे. उन्होंने अपनी कार खड़ी की और फल लेने लगे. फल खरीदने के बाद जब वे वापस कार के पास पहुंचे, तो उन्हें बैग गायब मिला. आसपास पूछताछ करने पर भी कोई सुराग नहीं लगा. बैग में जरूरी दस्तावेज और नकदी रखी हुई थी. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बदमाश की तलाश में जुट गई है.

# प्लॉस्टिक फैक्ट्री में आग, लाखों का माल जलकर राख

**इंदौर.** सांवेर रोड इलाके में बीती रात एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया. फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों रुपये का कच्चा और तैयार माल जलकर राख हो गया.

जानकारी अनुसार, फायर ब्रिगेड को रात करीब 10.20 बजे सूचना मिली कि सांवेर रोड स्थित महालक्ष्मी नाम की फैक्ट्री में आग लगी है. उप निरीक्षक दुबे के नेतृत्व में दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे. फैक्ट्री से ऊंची लपटें और काला धुआं उठता देख दमकल की कई गाड़ियों को मोर्चे पर लगाया गया. टीम ने चारों ओर से पानी की बौछारें कर आग को पास की अन्य फैक्ट्रियों में फैलने से रोका. फैक्ट्री संचालक योगेश पिता अशोक पंजाबी है. आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है. फैक्ट्री में भारी मात्रा में जूते-चप्पल, प्लास्टिक का रॉ मटेरियल और अन्य तैयार सामान रखा हुआ था. शॉर्ट सर्किट को आग लगने की प्रारंभिक वजह माना जा रहा है. आग लगने की एक अन्य घटना बीती रात न्यू देवास रोड स्थित एक दुकान में हुई. यहां दुकान से धुआं निकलता देख क्षेत्र के लोगों ने तत्काल मोर्चा संभाला और फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया. समय रहते लोगों की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया और दुकान के भीतर रखा कीमती सामान सुरक्षित बच गया.

# जनसुनवाई : पुलिस कमिश्नर ने हर आवेदक से किया सीधा संवाद

- कुल 85 आवेदन आए, दिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश
- पारिवारिक विवाद, लेन-देन और धोखाधड़ी के मामले रहे प्रमुख

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में आमजन की शिकायतों के तुरंत निराकरण के लिए आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को पुलिस कमिश्नर ने स्वयं प्रत्येक आवेदक से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. जनसुनवाई कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे.

पलासिया स्थित सभागार में जनसुनवाई में 85 आवेदक पहुंचे.



इनमें प्रमुख रूप से पारिवारिक विवाद, आपसी मतभेद, पैसों के लेन-देन, फ्रॉड, जमीन और प्लॉट से जुड़ी धोखाधड़ी, शिकायतों पर सुनवाई न होना, रहवासी संघ के विवाद और महिला अपराध से जुड़े मामले शामिल रहे. इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने हर आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए. उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि इंदौर पुलिस उनकी सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

### मध्यस्थता से की समाधान की पहल

जनसुनवाई में सामने आए अधिकांश मामले आपसी और पारिवारिक विवाद से जुड़े रहे, जिनके समाधान के लिए पुलिस द्वारा मध्यस्थता केंद्रों के माध्यम से समझौते की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि विवादों का शांतिपूर्ण निपटारा हो सके.

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) आरके सिंह सहित सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं विस्तार से सुनकर पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी.

**एक नजर में** — वर्षों से सीवरेज और गंदगी की समस्या से जूझ रहे रहवासियों को अब शीघ्र मिलने वाली है राहत

# बालदा कॉलोनी में सीवरेज लाइन का काम शुरू, लोगों में हर्ष



**इंदौर. शहर की बालदा कॉलोनी में सालों से सीवरेज और गंदगी की समस्या से परेशान निवासियों को राहत मिलने वाली है. क्षेत्र में नगर निगम द्वारा नई और पर्याप्त क्षमता वाली सीवरेज लाइन डालने का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे रहवासियों को गंदगी और चोक ड्रेनेज से मुक्ति मिलेगी. इस कार्य के शुरू होने से स्थानीय निवासियों में खुशी है.**

महू नाका सिग्नल से लगी हुई वार्ड 67 स्थित बालदा कॉलोनी बस्ती क्षेत्र में रहने वाले गरीब और मजदूर वर्ग के लोग लंबे समय से सीवरेज और गंदगी की गंभीर समस्या का सामना कर रहे थे. नालियों के जाम रहने और गंदा पानी सडक़ों पर फैलने से क्षेत्र में बदबू और बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ था. कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा था, जिससे रहवासियों में नाराजगी भी देखी जा रही थी. अब नगर निगम द्वारा इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में नई सीवरेज लाइन डालने का कार्य शुरू कर दिया गया है. अधिकारियों के अनुसार, इस कार्य के पूर्ण होने के बाद गंदे पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी और कॉलोनी में स्वच्छता बनी रहेगी. स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि जल्द ही उन्हें गंदगी और जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी.

### यह बोले रहवासी...



पहले बारिश के समय घरों में गंदा पानी भर जाता था, बहुत परेशानी होती थी अब नई सीवरेज लाइन का काम शुरू हुआ है तो उम्मीद है कि जल्द राहत मिलेगी और हालात ठीक होंगे.
**- कविता खरे**



गंदगी और बदबू के कारण रहना मुश्किल हो गया था. क्षेत्र की गलियों में फैली गंदगी में बच्चे खेलते हैं और बीमार रहते हैं. नई लाइन डालने से कई तरह की समस्या से निजात मिलेगी.
**- राकेश मटेले**



पिछले कई सालों से बस्ती के रहवासी इस समस्या से जूझ रहे थे. कई बार शिकायत करने के बाद अब जाकर काम शुरू हुआ है, इससे बस्ती के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी.
**- अर्जुन शोलेवंश**

# एप्पल कंपनी के नाम पर नकली एसेसरीज बेचते चार धराए

- भारी मात्रा में नकली सामान जब्त

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर एप्पल कंपनी के नाम से नकली मोबाइल एसेसरीज बेचने वाले चार दुकानदारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नकली लोगो, कवर और चार्जिंग एसेसरीज बरामद की गई है.

पुलिस के मुताबिक, एप्पल कंपनी के प्रतिनिधि विशाल जडेजा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित कुछ दुकानों पर कंपनी के ट्रेडमार्क का दुरुपयोग कर नकली सामान असली बताकर बेचा जा रहा है. इस पर थाना प्रभारी राजकुमार यादव के निर्देशन में उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह चौहान की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से चिन्हित दुकानों पर दबिश दी. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनकी पहचान संतोष रावत निवासी मनावर हाल मुकाम मूसाखेड़ी, ऋतिक वाधवानी निवासी राजा बाग कॉलोनी, निलेश गौतम और अविनाश निवासी सुदामा नगर के रूप में हुई है. आरोपियों के पास से एप्पल के नकली लोगो वाले मोबाइल कवर, 25 से अधिक चार्जिंग केबल, एडॉप्टर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया गया है. सभी आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है.

### नामी कंपनी के नाम से बेच रहा था नकली वाशिंग पाउडर

इसी तरह नकली सामान को लेकर एक अन्य कार्रवाई सेंट्रल कोतवाली पुलिस द्वारा की गई. पुलिस ने मोहन पिता ओमप्रकाश सिंधी को गिरफ्तार किया है, जो एक नामी कंपनी के रैपर का उपयोग कर नकली वाशिंग पाउडर बेच रहा था. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 किलो से अधिक नकली वाशिंग पाउडर बरामद किया है. मामले में कॉपीराइट और जालसाजी की धाराओं में जांच की जा रही है.

# शराब माफिया का पुलिस पर हमला

- पथराव में थाना प्रभारी जख्मी

**इंदौर.** सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरोल में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर शराब के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों ने हमला कर दिया. घेराबंदी के दौरान कुख्यात शराब तस्कर और उसके साथियों ने पुलिस बल पर पथराव कर दिया. अचानक हुए इस हमले में सांवेर टीआई घायल हो गए.

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सिमरोल में अवैध शराब के बड़े जखीरे पर दबिश दी गई थी. जैसे ही टीम ने घेरा डाला, अंधेरे का लाभ उठाते हुए आरोपियों ने पथराव शुरू कर दिया. इस हमले में टीआई गिरजाशंकर महोबिया घायल हो गए.

पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में देशी-विदेशी शराब जब्त की है. फरार आरोपी तूफान सिंह और उसके 7-8 साथियों के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा और आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है.

# खेत में मवेशी घुसने पर कुल्हाड़ी से हमला

**इंदौर.** चन्द्रवती गंज थाना इलाके में मारपीट और हमले की एक घटना सामने आई है. फरियादी केशव पिता रघुवीर वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके खेत में मवेशी घुसने की बात को लेकर पड़ोसी सुरेश पिता कन्हैयालाल वर्मा से विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ा कि सुरेश ने केशव पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और उसे जख्मी कर दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है.